**देश में बौद्ध तीर्थ स्थलों के नाम**

168. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) देश मे ऐसे बौद्ध तीर्थस्थलों के नाम क्या है, जहा अधिकतम सख्या मे विदेशी पर्यटक आते हैं ; और

(ख) क्या ऐसे स्थलों के विकास के लिए तथा पर्यटकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए कोई विशेष व्यवस्था की गई है ?

**पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उषा सिंह) :** (क) देश के प्रमुख बौद्ध तीर्थ केन्द्र बोधगया, सारनाथ, पटना, राजगीर, नालंदा और अजंता तथा एल्लौरा है।

(ख) उत्तर प्रदेश और बिहार मे बौद्ध परिपथों पर आधार-सरचना का विकास जापानी सहायता मे शुरू किया गया है ।

**वर्ष 1991 को "पर्यटन वर्ष" के रूप में मनाया जाना**

169. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वर्ष 1991 को "पर्यटन वर्ष" के रूप मे मनाने का विचार रखती है , और

(ख) यदि हा, तो उसके अन्तर्गत कौन-कौन से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और विदेशी तथा स्थानीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कौन-कौन सी योजनाए बनाई जा रही हैं ?

**पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उषा सिंह) :** (क) जी, हा ।

(ख) पर्यटन वर्ष के दौरान 46 मेले और त्यौहार आयोजित किए गए है जैसा कि विवरण-I मे दर्शाया गया है । विदेशी और स्वदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए परिपथों का संवर्धन किया जा रहा है जैसा कि विवरण-II मे दर्शाया गया है । राज्य सरकारों से राज्य राजमार्गों को सुधारने और डाक बगलो जैसे सरकारी आवास, मार्गस्थ, सुख-सुविधाओ इन स्थानो पर राज्य पर्यटन विकास निगमो के होटलो एव मोटलो आदि का उन्नयन तथा सुधार करने को कहा गया है ।

**विवरण-I**

1 मरु उत्सव
2. अंतर्राष्ट्रीय चाय उत्सव
3. पतगबाजी उत्सव
4 पोगल पर्व
5 हाथी दौड
6. नागपुर उत्सव
7 गणतत्र दिवस
8 शिल्प मेला
9. योग सप्ताह
10 गोआ कार्निवल
11 हाथी उत्सव
12 हेली-स्कीइंग
13 कोणार्क उत्सव
14. चापचारकुट
15 होला पर्व
16. बसंत उत्सव
17 बोहाग बिहू रगोली बिहू
18. खजुराहो उत्सव
19 एल्लौरा उत्सव
20. चिथिराई उत्सव
21. अंतर्राष्ट्रीय पुष्प उत्सव
22. त्रिचूर पुरम
23. हेमिस उत्सव
24. ग्रीष्म उत्सव
25. हिमाचल ग्रीष्म उत्सव
26. आन्ध्र उत्सव
27 रथ पर्व
28 एलेप्पी नौका दौड़
29. गणेश चतुर्थी
30. तारनेत्र उत्सव
31. ओनम
32 नृत्य पर्व
33 गोलकुण्डा उत्सव
34. हैकरू हितुगबा
35. नवरात्री पर्व
36 दशहरा
37. दुर्गा पूजा
38 पर्ल उत्सव